जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकःजीविवि/परीक्षा–2/नामांकन/2022/60 **दिनांकः 17.01.2022**

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त शासकीय/अनुदान प्राप्त/अशासकीय महाविद्यालय,
सम्बद्धित जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म0प्र0)

विषयः– शैक्षणिक सत्र 2021–2022 में प्रवेशित छात्र/छात्राओं के मूल माईग्रेशन एंव अर्हता प्रमाण–पत्र जमा करने बाबत्।

सन्दर्भः– विश्वविद्यालय के पत्र क्रमांकःजीविवि/परीक्षा–2/गोप./2021/1572, दिनांक 29.12.2021 एंव मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक/1469/214/आउशि/शा–5"अ"/2021 भोपाल, दिनांक 06.01.22

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आपके महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2021–2022 में प्रवेशित छात्र/छात्राओं के आवश्यक प्रपत्र जैसे मूल माईग्रेशन, मूल अर्हता एंव अर्हता आधारित अंकसूची की छायाप्रति (स्नातक हेतु 10+2 एंव स्नातकोत्तर हेतु स्नातक अंतिम वर्ष की अंकसूची) अतिशीघ्र **दिनांक** 24.01.2022 तक नामांकन शाखा (परीक्षा विभाग) में जमा करें। उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के प्रवेश नियम एंव मार्गदर्शी सिद्धान्त पुस्तिका के पद क्रमांक 5.1.1 एंव 5.2.1 के अनुसार माध्यमिक शिक्षा मण्डल, भोपाल एंव मध्यप्रदेश के विश्वविद्यालयों से उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को अर्हता प्रमाण–पत्र नही जमा कराया जाना है।

अतः उक्त **दिनांक** 24.01.2022 तक आवश्यक प्रपत्र जमा करें। अन्यथा की स्थिति में विलम्ब शुल्क रूपये 200/– के साथ **दिनांक** 28.01.2022 तक जमा किये जावेगें तथा इसके उपरांत भी यदि प्रपत्र एंव सम्बद्धता पत्र जमा नही किये जाते हैं तो उन छात्र/छात्राओं के नामांकन जनरेट नही किये जायेगें, जिसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित छात्र/छात्रा एंव प्राचार्य की ही होगी।

समस्त महाविद्यालय ध्यान रखें कि उच्च शिक्षा विभाग के माध्यम से हुये समस्त पाठ्यक्रमों में प्रवेशित छात्रों की नामांकन शुल्क के लिये नीचे दी गई एम.पी. ऑनलाईन लिंक के माध्यम से ही भुगतान कर नामांकन शाखा में शुल्क की प्रति छात्रों के समस्त दस्तावेजों के साथ जमा करावेगें। इसके उपरांत ही नामांकन प्रक्रिया पूर्ण समझी जावेगी एंव छात्र परीक्षा आवेदन पत्र भरने के लिये पात्र होगा।

jiwaji.mponline.gov.in/portal/Services/jiwaji/VariousFee/frmvariousfees.aspx

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–

1. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।
2. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी वि.वि., ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।
3. वित्त नियंत्रक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।
4. उप–कुलसचिव(परीक्षा), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. पत्रावली।

उपकुलसचिव(परीक्षा)